## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–17.05.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- झारखंड में पांचवें और छठे चरण के लिए चुनाव प्रचार तेज, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज रांची के चुटिया में करेंगे रोड शो, जेएमएम की कल्पना सोरेन पाकुड़ में करेंगी जनसभा।
- लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के लिए नामांकन वापसी का आज अंतिम दिन, झारखंड की तीन सीटों पर उम्मीदवार करेंगे दावा।
- ईडी आज से मंत्री आलमगीर आलम से शुरू करेगी पूछताछ, कोर्ट में ईडी का दावा– टेंडर का डेढ़ प्रतिशत कमीशन लेते थे आलमगीर आलम।
- पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज, होईकोर्ट ने तीन मई को याचिका की थी खारिज।
- मौसम विभाग के अनुसार आज राज्य के कई हिस्सों में छाये रहेंगे बादल, कल से होगी अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि।

*******************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में रांची के चुटिया में रोड शो करेंगे। साथ ही लोगों से भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ के पक्ष में वोट देने की अपील करेंगे।
वहीं प्रधानमंत्री मोदी 19 मई को फिर झारखंड आएंगे। वह जमशेदपुर से भाजपा उम्मीदवार विद्युत वरण महतो के समर्थन में घाटशिला में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री अब तक झारखंड में पांच चुनावी सभा व राजधानी रांची में रोड शो कर चुके हैं। उनकी चाईबासा, पलामू, गुमला, चतरा और गिरिडीह में चुनावी सभा हो चुकी है।

*******************

झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन आज पाकुड़ के लिट्टीपाड़ा में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगी। इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर सांसद विजय हांसदा ने कल स्थल निरीक्षण किया।

*******************

लोकसभा चुनाव के सातवें और राज्य में चौथे चरण के लिए नाम वापसी का आज अंतिम दिन है। बता दें कि सातवें चरण में झारखंड से गोड्डा, राजमहल और दुमका सीट पर चुनाव होने हैं। इधर गोड्डा लोकसभा सीट में स्क्रूटनी के बाद 21 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र सही पाए गए। कुल 29 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरा था जिसमें आठ के नामांकन पत्र को रद्द कर दिया गया।

*******************

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड से जुड़ी सभी स्थानीय एवं जनजातीय भाषाओं तथा संस्कृतियों का संरक्षण और संवर्धन हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य के साथ अगले महीने राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में बांग्ला, ओड़िया एवं सभी जनजातीय भाषाओं के शिक्षकों की नियुक्ति करके, प्राथमिक स्तर पर इन भाषाओं में पढ़ाई शुरू की जायेगी। तभी हम इन भाषाओं एवं संस्कृतियों को संवर्धित करके अपनी अगली पीढ़ी को अपनी गौरवशाली विरासत सौंप पाएंगे। उन्होंने यह घोषणा जमशेदपुर में बंग बंधु संस्था की ओर से आयोजित कवि गुरु रबीन्द्रनाथ टैगोर एवं काजी नजरुल इस्लाम की जयंती समारोह में की।

*******************

चतरा जिला प्रशासन द्वारा लोक सभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पांचवे चरण में चतरा लोक सभा सीट पर 20 मई को मतदान होगा। जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के अंतर्गत गतिविधियों का भी आयोजन किया जा रहा है। जागरूकता अभियान में महिला ,युवा और ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं पर विशेष फोकस किया जा रहा है।

*******************

पाकुड़ में 813 मतदान केंद्रों पर बाधा रहित चुनाव कराए जाने को लेकर प्रशाशनिक तैयारी जोरों पर है । जिला निर्वाचन पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के अलावे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक सौरभ पहाड़ी ने कल राजनीतिक दलो के प्रतिनिधियों के साथ साथ माइक्रो ऑब्जर्वर के साथ बैठक किया। सामान्य प्रेक्षक सौरभ पहाड़ी ने कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण भी किया।

*******************

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए सरकार ने साहिबगंज जिले के 14 विद्यालयों को पीएम श्री योजना के तहत चयन किया है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

प्रवर्तन निदेशालय राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को आज से रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू करेगा। कोर्ट ने ईडी को आलमगीर आलम की छह दिनों की रिमांड की मंजूरी कल दे दी थी। इससे पूर्व ईडी ने कोर्ट में टेंडर घोटाले से जुड़े कई खुलासे किए हैं। ईडी ने कोर्ट को बताया कि टेंडर में डेढ़ प्रतिशत कमीशन आलमगीर आलम को दिया जाता था।

*******************

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। उच्चतम न्यायालय ने 13 मई को सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। बता दें कि हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को गलत बताते हुए झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। तीन मई को हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी को सही बताते हुए याचिका खारिज कर दी थी।

*******************

संक्षिप्त खबरें

- झारखंड अधिविद्य पर्षद, जैक बोर्ड आज नौवीं और ग्यारहवीं बोर्ड का रिजल्ट जारी करेगा। परीक्षार्थी अपना रिजल्ट जैक की वेबसाइट पर देख सकेंगे।
- सरकारी स्कूलों में अब सात जून तक गर्मी की छुट्टी रहेगी। जैक ने इसके लिए पत्र जारी कर दिया है। जारी पत्र में कहा गया है कि स्कूलों में इस वर्ष एक से पांच जनवरी तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है।
- राज्य के संताल परगना में आकाशीय बिजली गिरने से छह लोगों की मौत हो गई।
- कल दोपहर ठनका गिरने से साहिबगंज और दुमका में में दो बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गयी। मरनेवालों में दो महिलाएं और एक बच्ची भी है।

*******************

मौसम विभाग के अनुसार राज्य के कई हिस्सों में आज बादल छाये रह सकते हैं। वहीं कल से अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि दर्ज की जाएगी। वहीं 19 मई से संताल, रांची, पलामू, बोकारो और कोल्हान में लू चल सकती है। जबकि 22 मई को राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश की संभावना जताई गई है।

*******************

जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने कहा कि टाटा स्टील को तुरंत केबुल टाऊन में बिजली की सप्लाई करनी चाहिए। श्री राय अपने जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केबुल टाउन क्षेत्र के निवासियों के घर में बिजली का सीधा कनेक्शन देने के बारे में झारखंड उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका न्यायालय ने स्वीकार कर लिया।

*******************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित विभिन्न अखबारों ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम द्वारा टेंडर में डेढ़ प्रतिशत कमीशन लिए जाने के ईडी के खुलासे की खबर को अपने पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर और हिन्दुस्तान और राष्ट्रीय नवीन मेल ने लिखा है– टेंडर में आलमगीर आलम का हिस्सा डेढ़ प्रतिशत।

दैनिक भास्कर ने लिखा है – झारखंड और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने की चुनावी सभा।

दैनिक जागरण ने सुप्रीम कोर्ट में हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई की खबर को अपनी सुर्खी बनाई है।

रांची एक्सप्रेस ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की घोषणा– सभी सरकारी स्कूलों में स्थानीय भाषाओं में पढ़ाई शुरू की जाएगी की खबर को अपनी सुर्खी बनायी है।

ने अंग्रजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने अमित शाह के चुनावी वादे, तीसरी बार एनडीए की सरकार आने पर गौ हत्या पर लगेगा प्रतिबंध की खबर को प्रमुखता दी है।

***************